Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 29 ◻ अंक- 34 ◻ रायपुर, बुधवार 25 फरवरी 2026 ◻ पृष्ठ-8 ◻ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

विधानसभा का बजट सत्र

# कांग्रेस विधायकों ने सीएसआर फंड में लगाया पक्षपात का आरोप

## मंत्री के जवाब पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कसा तंज, कहा- तो फिर मंत्री होने का क्या औचित्य

**रायपुर,** 25 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के तीसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायकों ने सीएसआर फंड में पक्षपात का आरोप लगाते हुए कलेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. इस पर मंत्री के नकारात्मक जवाब पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जब कलेक्टर को निर्देशित नहीं कर सकते तो मंत्री होने का क्या औचित्य है?

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक व्यास कश्यप ने सीएसआर फंड का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जांजगीर जिले में सीएसआर फंड में पारदर्शिता नहीं है. जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा का पालन नहीं हो रहा है. कलेक्टर अपनी मनमर्जी से राशि बाँट रहे हैं. जनप्रतिनिधियों की समिति का कोई औचित्य नहीं है. इस पर उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि सीएसआर को लेकर कोई समिति नहीं है. सीएसआर फंड का उपयोग गाँवों में हो सकता है. आपकी ओर से भी दो प्रस्ताव है. इस पर कांग्रेस विधायक ने कहा कि मंत्री जी प्रस्तावों पर घोषणा कर दें. कलेक्टर को कार्यों के लिए निर्देशित कर दें. इस पर मंत्री ने कहा कि मुझे घोषणा का अधिकार नहीं है. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जब कलेक्टर को निर्देशित नहीं कर सकते तो मंत्री होने का क्या औचित्य है?

### महंत ने उठाया एसटीपी निर्माण का मुद्दा, गलत जानकारी देने वाले अधिकारियों के खिलाफ की कार्यवाही की मांग

छत्तीसगढ़ विधानसभा में मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (स्त्रक्क) के निर्माण का मुद्दा उठाया. उन्होंने गलत जानकारी देकर गुमराह करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. इस पर मंत्री अरूण साव ने परीक्षण कराकर आगे की कार्रवाई की बात कही. नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने प्रश्नकाल के दौरान सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (स्त्रक्क) को लेकर कहा कि 2 बार संशोधन कर जवाब भेजे गए. पहले 26 बताया गया था फिर संख्या 21 भेजी गई. इस पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि ये सही है कि बाद में संशोधित उत्तर उपलब्ध कराया है. उन्होंने कहा कि राज्य और केन्द्र सरकार मिलकर पूरी गंभीरता से काम कर रहे हैं. 12 नगरीय निकायों में 21 एसटीपी स्वीकृत है. 68 नगरीय निकायों में 96 एसटीपी की स्वीकृति है. इस पर नेता प्रतिपक्ष महंत ने कहा कि मेरे क्षेत्र में एसटीपी प्लांट को लेकर जानकारी मांगी और हर बार प्रक्रियाधीन होने का जवाब आया. हर बार उत्तर गलत आता है. ये जो गुमराह करने वाले अधिकारी बैठे हैं, उनके लिए किस तरह के ईनाम या सजा का प्रावधान है. मंत्री अरूण साव ने परीक्षण कराकर कार्रवाई की बात कही.

### प्रश्नकाल में गूंजा नल जल योजना का मुद्दा, मंत्री ने शिकायतों का परीक्षण कराने की कही बात

रायपुर, 25 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा ने नल जल योजना के क्रियान्वयन पर सवाल उठाया. उन्होंने बालोद जिले के 111 गाँवों में नल जल योजना की स्थिति अच्छी नहीं होने की बात कही. मंत्री अरुण साव ने नल जल योजना में बेहतर काम होने की बात कहते हुए शिकायतों का परीक्षण कराने का आश्वासन दिया. कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा ने प्रश्नकाल में बालोद जिले में नल जल योजना के क्रियान्वयन पर सवाल उठाते हुए कहा कि ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है. पानी टंकियों में लिकेज की शिकायतें हैं. निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया है. ठेकेदारों की ओर से पेमेंट नहीं होने की शिकायत है. इस पर विभागीय मंत्री अरुण साव ने शिकायत का परीक्षण कराने की बात कही. इसके पहले भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने बिलासपुर में ऑक्सीजोन और हरियाली का मुद्दा उठाया. उन्होंने सवाल किया कि बिलासपुर शहर में वृक्षारोपण काम कहां-कहां हुआ है? स्मार्ट सिटी योजना अंतगर्त ऑक्सीजोन कहां-कहां बनाया है? सकरी क्षेत्र में मुक्तिधाम का काम हुआ है या नहीं? उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि स्मार्ट सिटी योजना के तहत काम हुआ है. योजना अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया गया है. सकरी क्षेत्र में मुक्तिधाम का प्रस्ताव है, उस पर काम हो जाएगा।

### गिग वर्करों की सुरक्षा और अधिकारों पर अजय चंद्राकर ने उठाये सवाल

छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रदेश में कार्यरत गिग वर्करों की स्थिति, उनके अधिकारों और राज्य स्तर पर नियमन की आवश्यकता को लेकर जोरदार चर्चा हुई. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने प्रश्नकाल के दौरान सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा कि स्विगी, जोमैटो, ब्लिंकिट और रैपिडो जैसी कंपनियों में काम कर रहे गिग वर्करों को संगठित मजदूरों की श्रेणी में रखा जाएगा या असंगठित में।

अजय चंद्राकर ने कहा कि इससे पहले उन्होंने आउटसोर्सिंग कंपनियों को लेकर भी सवाल उठाया था, तब भी सरकार ने कहा था कि इस संबंध में कोई स्पष्ट कानून नहीं है. उन्होंने आरोप लगाया कि आज भी वही स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा गिग वर्कर मर रहे हैं और कंपनियां ऐश कर रही हैं. अजय चंद्राकर ने दस मिनट की डिलीवरी जैसे मॉडल पर सवाल उठाते हुए कहा कि तेज डिलीवरी के दबाव में कई बार गिग वर्करों की जान जा रही है. मानवाधिकार संगठनों द्वारा भी इस मुद्दे पर लगातार चिंता जताई जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में सामाजिक सुरक्षा संहिता लागू होने के बावजूद अब तक स्पष्ट नियम नहीं बनाए गए हैं. जब तक नियम नहीं बनेंगे, छत्तीसगढ़ के युवा शोषण का शिकार होते रहेंगे। चंद्राकर ने यह भी उल्लेख किया कि वर्ष 2025 में भारत सरकार को नोटिफिकेशन जारी करना पड़ा क्योंकि नियम नहीं बन सके थे, जबकि देश के कई राज्यों ने अपने स्तर पर नियम बना लिए हैं. उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या छत्तीसगढ़ समवर्ती सूची के अधिकार का उपयोग करते हुए अपना अलग अधिनियम या नियम बनाने पर विचार करेगा?

### फिलहाल न संगठित न असंगठित - लखन देवांगन

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने सदन में जवाब देते हुए स्पष्ट किया कि फिलहाल गिग वर्करों को न तो संगठित क्षेत्र में रखा गया है और न ही असंगठित क्षेत्र में। उन्होंने बताया कि सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के अंतर्गत गिग एवं प्लेटफॉर्म वर्करों को शामिल किया गया है और जैसे ही भारत सरकार इस संबंध में नियम अधिसूचित करेगी, राज्य सरकार उसका अनुसरण करेगी। मंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार ने इस विषय पर एक समिति गठित की थी और उसकी प्रक्रिया जारी थी. इसी दौरान भारत सरकार द्वारा चार श्रम संहिताएं लागू की गईं, जिसके बाद राज्य की कार्यवाही केंद्र के अधिनियम के अनुरूप आगे बढ़ाई जा रही है. उन्होंने दोहराया कि राज्य में नियम भारत सरकार के अधिनियम के अधीन ही बनाए जाएंगे।

### भाजपा विधायकों ने उठाया नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री का मुद्दा, प्रशासन को बताया फेल

छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के तीसरे दिन ध्यानाकर्षण में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर और धरम लाल कौशिक ने नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री का मुद्दा उठाते हुए प्रशासन को असफल बताया. गृह मंत्री विजय शर्मा ने प्रशासन के फेल होने के आरोपों को नकारा. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा- छत्तीसगढ़ के युवा नशा की चपेट में हैं. रायपुर में हर जगह आसानी से नशीले पदार्थ उपलब्ध है. पुलिस आरक्षक भी इस मामले में पकड़ा गया है. इसे रोकने में प्रशासन विफल रहा है. गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा- अवैध मामलों पर लगातार की जा रही है. प्रदेश में भर छापे की कार्रवाई भी हो रही है. पुलिस की ओर विशेष अभियान चलाया जा रहा है. जब्ती की कार्रवाई हुई है. आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है. यह आरोप सही नही है कि प्रशासन फेल है।

## छत्तीसगढ़ में रिक्त दो राज्यसभा सीटों के लिए कल जारी होगी अधिसूचना

**रायपुर,** 25 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ से राज्यसभा की कुल 05 सीटों में से 02 सीटें आगामी 09 अप्रैल 2026 को रिक्त होने जा रही हैं। राज्यसभा सदस्य कवि तेजपाल सिंह तुलसी एवं फूलो देवी नेताम का कार्यकाल पूर्ण होने के कारण इन पदों पर निर्वाचन कराया जाएगा। रिक्त होने वाली इन सीटों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 18 फरवरी को प्रेस नोट जारी कर राज्यसभा द्विवार्षिक निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार अधिसूचना 26 फरवरी को जारी की जाएगी।

नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 05 मार्च निर्धारित की गई है, जबकि नामांकन पत्रों की संवीक्षा 06 मार्च को की जाएगी। जारी कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थी 09 मार्च तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 16 मार्च सोमवार को प्रात: 09 बजे से सायं 04 बजे तक होगा। इसी दिन शाम 05 बजे से मतगणना की जाएगी।

नामांकन पत्र 26 फरवरी से 05 मार्च 2026 तक (सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर) सवेरे 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन स्थित निर्धारित स्थान पर रिटर्निंग ऑफिसर, सचिव छत्तीसगढ़ विधानसभा, के समक्ष प्रस्तुत किए जा सकेंगे। राज्यसभा चुनाव में राज्य के कुल 90 विधायक अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वर्तमान विधानसभा संरचना के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के 54, इंडियन नेशनल कांग्रेस के 35 तथा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के 01 विधायक मतदान में भाग लेंगे। मतदान गोपनीय मतपत्र के माध्यम से संपन्न कराया जाएगा।

## नक्सली मल्लेश ने बीएसएफ के समक्ष किया आत्मसमर्पण

**कांकेर,** 25 फरवरी (हाईवे चैनल)। माओवादी मल्लेश ने कांकेर जिले में बीएसएफ के सामने आत्मसमर्पण किया। उसने एक 47 हथियार के साथ छोटेबेतिया बीएसएफ कैंप में पहुंचकर समर्पण किया। मल्लेश माओवादी संगठन में डीवीसीएम था। उसने बीएसएफ की सेक्टर के जी ब्रांच एवं कमांडेंड राघवेंद्र सिंह 94 वाहिनी बीएसएफ के सामने हथियार डाले। वह ग्रामीणों के साथ आया था ब्रवाया जा रहा है कि सामाजिक कार्यकर्ता और पत्रकारों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर मल्लेश से चर्चा की और उसे मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित किया। इन सभी की मेहनत रंग लाई और मल्लेश ने हथियार लेकर छोटेबेतिया में समर्पण किया।

## ब्रेकिंग न्यूज

### सौरभ श्रीवास्तव बनाए गए सीएम के ओएसडी, भट्टाचार्य को पुन: अपर संचालक का अतिरिक्त प्रभार

**रायपुर,** 25 फरवरी (हाईवे चैनल)। राज्य शासन ने दो अधिकारियों की नई पदस्थापना की है। राज्य अंत्यावसाई सहकारी वित्त विकास निगम में उप महाप्रबंधक और निज सचिव मुख्यमंत्री सौरभश्रीवास्तव को वहीं ओएसडी नियुक्त किया गया हैइसी तरह राप्रसे अधिकारी पुलक भट्टाचार्य को अतिरिक्त प्रभार के रूप में नगरीय प्रशासन संचालनालय में अपर संचालक नियुक्त किया है। इससे पहले 10 फरवरी को ही उन्हें, अपर संचालक से मुक्त कर मंत्रालय जीएडी में उप सचिव और समन्वयक आई गाट मिशन कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर नियुक्त किया गया था।

### सैन्य विमान एफ-16 उड़ान भरते ही क्रैश, पायलट की मौत

**नई दिल्ली,** 25 फरवरी (न्यूज चैनल)। तुर्किये वायु सेना का एफ-16 लड़ाकू विमान मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात पश्चिमी तुर्किये में एक राजमार्ग के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें उसके पायलट की मौत हो गई। अधिकारियों और खबरों से यह जानकारी मिली। रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, बालिकेसिर प्रांत में स्थित 9वें मुख्य जेट बेस से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद विमान से आधी रात के आसपास रेडियो और रडार संपर्क टूट गया। मंत्रालय ने बताया कि तुरंत शुरू किए गए खोज और बचाव अभियान के बाद विमान का मलबा मिल गया। उसने बताया कि हादसे में पायलट की मौत हो गई। विमान इस्तांबुल-इज़मिर राजमार्ग के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ और उसका मलबा एक बड़े क्षेत्र में फैल गया। सुरक्षा बल, दमकल कर्मी और चिकित्सा दल घटनास्थल पर भेजे गए।

चूहा- सुनती हो, प्रदेश के बजट में बेटियों को 18 वर्ष पार करने पर डेढ़ लाख देने का प्रावधान है।

चुहिया- हां जी, नारियों को पैसे से ही सशक्त किया जा सकता है।

## न्यायिक संस्था को बदनाम करने की अनुमति नहीं दूंगा : सूर्यकांत

एनसीईआरटी बुक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के ज़िक्र पर भड़के मुख्य न्यायाधीश

**नई दिल्ली,** 25 फरवरी (न्यूज चैनल)। देश की न्यायिक व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण विवाद उस समय खड़ा हो गया जब आठवीं कक्षा की एनसीईआरटी की सामाजिक विज्ञान की नयी पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका के सामने मौजूद चुनौतियों के रूप में भ्रष्टाचार, लंबित मुकदमों की बड़ी संख्या और न्यायाधीशों की कमी का उल्लेख किया गया। इस विषय पर उच्चतम न्यायालय ने गंभीर आपत्ति जताते हुए स्वत: संज्ञान लिया और कहा कि न्यायपालिका की छवि को धूमिल करने की किसी को अनुमति नहीं दी जा सकती।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने इस प्रकरण को गंभीर बताते हुए कहा कि यह न्यायपालिका को बदनाम करने की सुनियोजित साजिश प्रतीत होती है। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, "मैं किसी को भी संस्था को बदनाम करने की अनुमति नहीं दूंगा। कानून अपना काम करेगा।" उन्होंने कहा, "संस्था के प्रमुख के रूप में मैंने अपना कर्तव्य निभाया है और संज्ञान लिया है... यह एक सोचा-समझा कदम प्रतीत होता है। मैं ज्यादा कुछ नहीं कहूंगा।" प्रधान न्यायाधीश ने कहा, "कृपया कुछ दिनों तक प्रतीक्षा करें। अधिवक्ता और न्यायाधीश सभी परेशान हैं। सभी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश परेशान हैं। मैं इस मामले को स्वत: संज्ञान के तहत लूंगा।

## सड़क हादसा: दो सगे भाइयों समेत तीन की मौके पर मौत

**मनेंद्रगढ़,** 25 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ जिले में मंगलवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। मृतकों की पहचान अवधेश गुरुवचन (28 वर्ष) एवं मोनू उर्फ अखिलेश गुरुवचन, दोनों निवासी रामानुजनगर तथा श्याम सिंह गोंड (45 वर्ष) निवासी ग्राम घाघरा के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीनों मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे ग्राम घाघरा से एक ही मोटरसाइकिल पर किसी कार्य से निकले थे। काफी देर तक गंतव्य पर नहीं पहुंचने और मोबाइल संपर्क नहीं हो पाने पर परिजनों को चिंता हुई। खोजबीन के दौरान धनहर के पास तिलोखन जंगल क्षेत्र में सड़क किनारे तीनों के शव पड़े होने की सूचना मिली।

प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही केल्हारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी मनीष धुर्वे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पंचनामा कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संभावित मार्गों पर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी वाहन चालक की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस हृदयविदारक हादसे से क्षेत्र में मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से दोषी वाहन चालक को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## कचना रेलवे फाटक में बड़ी लापरवाही, खुला रहा गेट, ट्रेनें दौड़ती रही

**रायपुर,** 25 फरवरी (हाईवे चैनल)। रायपुर महासमुंद रेल खंड पर राजधानी के कचना रेलवे फाटक पर बड़ी लापरवाही सामने आई। जहां दोनों रेल लाइनों पर ट्रेनों की आवाजाही के बीच लेवल क्रासिंग गेट खुला हुआ था। वह शुक्र रहा कि कोई दुर्घटना नहीं हुई। उस वक्त अप डाउन दोनों लाइन से ट्रेनें रायपुर से जा और आ रही थी। इस दौरान लेवल क्रासिंग पर कचना पार रहने वालों की बड़ी भीड़ बाइक कार आदि पर सवार थी। प्रारंभिक रूप से यह मामला गेट मैन की लापरवाही का बताया जा रहा। बता दें कि यह लेवल क्रासिंग और गेट आरवीएच सिग्नल केबिन से इंटरलाकिंग सिस्टम से जुड़ा हुआ है। यानी इसी केबिन से कचना गेट खुलता बंद होता है। ऐसे में यह मामला और भी गंभीर हो गया है। मौके पर किसी भी रेल अधिकारी के पहुंचने की खबर नहीं है।

## सुनेत्रा पवार संभालेंगी एनसीपी की कमान, पार्थ पवार जाएंगे राज्यसभा

**नई दिल्ली,** 25 फरवरी (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र की राजनीति में एक युगांतरकारी बदलाव होने जा रहा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने दिवंगत नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के निधन के बाद खाली हुए नेतृत्व के शून्य को भरने के लिए बड़ा फैसला लिया है। मंगलवार को हुई पार्टी की अहम बैठक में सुनेत्रा पवार को बारामती विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित किया गया है, साथ ही उन्हें पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की तैयारी भी पूरी हो चुकी है। सूत्रों ने बताया कि यह फैसला मंगलवार को हुई पार्टी की एक अहम मीटिंग में लिया गया। उसी मीटिंग में, पार्टी लीडरशिप ने पार्थ पवार के राज्यसभा के लिए नॉमिनेशन को भी फाइनल कर दिया। वह अपर हाउस में अपनी मां सुनेत्रा पवार की जगह लेंगे। इस बीच एनसीपी गुरुवार (26 फरवरी) को अपना नया नेशनल प्रेसिडेंट चुनने वाली है। चुनाव आज शाम मुंबई के वर्ली डोम में होना है।

## राजस्व वसूली में सीएमओ फेल, राज्य सरकार ने किया निलंबित

**कवर्धा,** 25 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ शासन ने नगर पालिका परिषद पंडरिया के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) अभिताभ शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, 14 जनवरी 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में यह पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर 2025 तक संपत्तियों के नए कर (मांग) निर्धारण का कार्य नहीं किया गया। इसके चलते नगर पालिका की राजस्व वसूली अपेक्षित स्तर तक नहीं हो सकी। शासन ने इसे कर्तव्यों के प्रति उदासीनता मानते हुए गंभीर कदाचार की श्रेणी में रखा है। आदेश में उल्लेख किया गया है कि उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 के विपरीत है। इसके तहत छत्तीसगढ़ राज्य नगर पालिका (कार्यपालन/यांत्रिकी/स्वास्थ्य) सेवा भर्ती एवं सेवा शर्तें नियम, 2017 के नियम-33 के अंतर्गत अभिताभ शर्मा को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान शर्मा का मुख्यालय संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग निर्धारित किया गया है।

## स्कूल के फादर को उम्रकैद की सजा सुनाई गई, निचली अदालत के दोषमुक्त फैसले को हाईकोर्ट ने बदला

**बिलासपुर,** 25 फरवरी (हाईवे चैनल)। कोरिया जिले के ज्योति मिशन स्कूल यौन उत्पीड़न मामले में निचली अदालत के फैसले को हाईकोर्ट ने पलट दिया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने निचली अदालत द्वारा आरोपियों को दोषमुक्त किए जाने के फैसले को त्रुटिपूर्ण बताते हुए स्कूल के फादर जोसेफ धन्ना स्वामी को उम्रकैद की सजा सुनाई है, और घटना को छिपाने वाली दो महिला स्टाफ को 7-7 साल कारावास की सजा दी है। दरअसल, कोरिया के सरभोका स्थित ज्योति मिशन स्कूल में चौथी की 9 वर्षीय छात्रा हॉस्टल में रहती थी, उसके साथ 9 सितंबर 2015 को दुष्कर्म हुआ था। पीड़िता ने बताया कि वह रात को बाथरूम गई थी, जहां नशीला पाउडर छिड़का हुआ था, जिससे उसे चक्कर आने लगे। इसके बाद जब वह अपने कमरे में सो रही थी, तब आरोपी ने दुष्कर्म किया। छात्रा ने सुबह इसकी शिकायत स्कूल की सिस्टर फिलोमिना और किसमरिया से की, तो उन्होंने मदद करने की बजाय उसे छड़ी से पीटा और किसी को न बताने की धमकी दी।

इस मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। 9 जनवरी 2017 को बैकुंठपुर की फास्ट ट्रेक कोर्ट ने तीनों आरोपियों को बरी कर दिया था। राज्य सरकार ने इस फैसले को चुनौती दी थी। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने इस फैसले को त्रुटिपूर्ण ठहराया है। कोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने पीड़िता के ठोस बयानों और मेडिकल साक्ष्यों को तकनीकी आधार पर खारिज कर गलत फैसला सुनाया था।